राजकीय महाविद्यालय सांचौर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

मरू लहर न्यूज

सांचौर। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय में बी.ए. प्रथम वर्ष हेतु ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 28 जून से प्रारंभ हो

चुकी है। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य मूला राम ने बताया कि प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 5 जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय द्वारा आवेदन फर्मों के ऑनलाईन सत्यापन के बाद 10 जुलाई 2023 को अंतरिम वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन किया जाएगा। तत्पश्चात अंतरिम वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थी 13 जुलाई तक ईमित्र के माध्यम से निर्धारित फीस जमा करवा सकते है। प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन व वर्ग निर्धारण एवं विषय का आवंटन 14 जुलाई को किया जाएगा। महाविद्यालय में नवप्रवेशित स्नातक पार्ट प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन/ऑफलाईन शिक्षण कार्य 15 जुलाई से प्रारंभ होगा।